हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार 1 मई 2026

11 नगरपरिषद कर्मचारी हड़ताल पर, ठप रहेगी सफाई व्यवस्था


12 पिछले साल से 38 हजार एमटी गेहूं की ज्यादा हुई खरीद


# घर-घर दस्तक, डिजिटल एप और रियल-टाइम निगरानी के साथ जनगणना शुरू

## जनगणना से जनकल्याण थीम पर आधारित है अभियान, जिले में 3 हजार अधिकारी जुटे

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जनगणना से जनकल्याण थीम के साथ आज, एक मई से हर घर का डाटा एकत्रित करने के उद्देश्य से जनगणना टीम लोगों के घर द्वार पर दस्तक देगी। फतेहाबाद जिला में आगामी जनगणना-2027 को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने की तैयारियां तेज हो गई हैं। डीसी एवं प्रधान जनगणना अधिकारी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि जनगणना से जनकल्याण की थीम पर आधारित यह अभियान न केवल आंकड़ों का संकलन होगा बल्कि आने वाले वर्षों में विकास नीतियों, कल्याणकारी योजनाओं और आधारभूत ढांचे की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए डीसी डॉ. विवेक भारती ने बताया कि 1 मई से प्रगणक घर-घर जाकर डेटा एकत्र करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनगणना कार्य को जीरो टॉलरेंस नीति के तहत क्रियान्वित किया जाएगा। इस महाअभियान में जिला के लगभग 3 हजार अधिकारी व कर्मचारी जुड़े हुए हैं, जिन्हें पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा। डीसी डॉ. भारती ने बताया कि जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी।

### फील्ड विजिट पर रहे फोकस, हेल्पलाइन जारी

डीसी ने कहा कि एसडीएम, तहसीलदार, नगर परिषद, नगरपालिकाओं सहित सभी विभागीय अधिकारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों का पालन, प्रगणकों व पर्यवेक्षकों की नियुक्ति, प्रशिक्षण, जिले का शत-प्रतिशत कवरेज तथा निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करना उनकी जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी एसडीएम और चार्ज अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जनगणना कार्य की सतत निगरानी के लिए नियमित फील्ड विजिट सुनिश्चित करें, ताकि कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप समय पर पूरा हो सके। जनगणना से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी या समस्या के समाधान के लिए जिला प्रशासन फतेहाबाद द्वारा हेल्पलाइन नंबर 01667-230722 जारी किया गया है।

### विशेष हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन मोबाइल एप बनेगा सहभागी

डीसी ने बताया कि इस बार गणनाकर्मी विशेष हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन मोबाइल एप का उपयोग करेंगे, जिसे उनके पंजीकृत मोबाइल उपकरणों पर इंस्टॉल किया गया है। यह एप ऑफलाइन मोड में भी कार्य करेगा और नेटवर्क उपलब्ध होते ही डेटा स्वतः सिंक्रोनाइज हो जाएगा। रियल-टाइम मॉनिटरिंग के लिए तकनीक आधारित डैशबोर्ड और सीएमएमएस पोर्टल का उपयोग किया जाएगा, जिससे प्रत्येक स्तर पर प्रगति की सतत निगरानी सुनिश्चित होगी।



फतेहाबाद। जनगणना प्रक्रिया के मद्देनजर अधिकारियों की बैठक लेते डीसी डॉ. विवेक भारती। फोटो : हरिभूमि

## सिरसा में 2121 प्रगणक जुटाएंगे जानकारी

सिरसा। जिला में जनगणना-2027 को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने की तैयारियां तेज हो गई हैं। वीरवार को जनगणना कार्य में लगे 353 सुपरवाइजर व 2121 प्रगणक की टीमों को जनगणना कार्य से संबंधित टूल किट वितरित की गई। ये प्रगणक एक मई से घर-घर जाकर वास्तविक डाटा एकत्रित करेंगे। जनगणना कार्य के नोडल अधिकारी एवं नगराधीश अजय सिंह ने बताया कि एक मई से प्रगणक घर-घर जाकर डेटा एकत्र करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनगणना कार्य को जीरो टॉलरेंस नीति के तहत क्रियान्वित किया जाएगा। इस महाअभियान में जिला के अधिकारी व कर्मचारी जुड़े हुए हैं, जिन्हें पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी। पहले चरण 1 मई से 30 मई 2026 तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का होगा। उन्होंने बताया कि इस बार 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक नागरिकों को स्व-गणना का विकल्प भी उपलब्ध कराया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने ऑनलाइन पोर्टल व मोबाइल एप के माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज की है।



## खबर संक्षेप

### 602 ग्राम गांजे के साथ युवक गिरफ्तार

फतेहाबाद। टोहाना पुलिस टीम ने गश्त के दौरान भाखड़ा नहर की पटरी से एक युवक को भारी मात्रा में नशीले पदार्थ गांजा सहित काबू किया है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप ने बताया कि चंडीगढ़ रोड चौकी प्रभारी की टीम सरकारी वाहन में भाखड़ा नहर की पटरी पर गश्त कर रही थी। जब पुलिस टीम भूत मार्केट के पास पहुंची, तो सामने से एक युवक पैदल आता दिखाई दिया। उसके हाथ में एक काले रंग का भारी पॉलिथीन बैग था। पुलिस की गाड़ी को देखकर आरोपी घबरा गया और नहर की पटरी से नीचे उतरकर भागने की कोशिश करने लगा।

### छत पर चल रही अवैध शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़

फतेहाबाद। टोहाना पुलिस ने एक गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए घर की छत पर अवैध शराब तैयार करने के गोरखधंधे का पर्दाफाश किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान भूना रोड पर तैनात थी। इसी बीच सूचना मिली कि गिला वाली ढाणी निवासी एक व्यक्ति ने अपने मकान की छत पर बने चौबारे में अवैध शराब निकालने के लिए भारी मात्रा में लाहण तैयार कर रखा है। सूचना को पुख्ता मानते हुए पुलिस ने तुरंत एक रेडिंग पार्टी तैयार की और बताए गए स्थान पर दबिश दी।

### रेलवे रोड व लक्कड़ मार्केट से हटवाया अतिक्रमण

फतेहाबाद। टोहाना में नगर परिषद ने पुलिस प्रशासन के सहयोग से वीरवार को शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। कार्यकारी अधिकारी दीपक कुमार के निर्देश पर सफाई ब्रांच अधिकारी अजायब सिंह और एएसआई रवि कुमार के नेतृत्व में टीम ने रेलवे रोड और लक्कड़ मार्केट में कार्रवाई की। अभियान के तहत, सडक़ और नालियों पर अवैध रूप से सामान रखकर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों का सामान जब्त किया गया। नगर परिषद की टीम पहले भी समय-समय पर मुनादी कराकर दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने की चेतावनी देती रही है।

### रेलवे अंडर ब्रिज के पास अफीम सहित तस्कर काबू

फतेहाबाद। सीआईए टोहाना की टीम ने गश्त के दौरान खनौरा रोड स्थित रेलवे अंडर ब्रिज के पास से एक व्यक्ति को भारी मात्रा में अफीम सहित रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। सीआईए टोहाना प्रभारी उप-निरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि पुलिस टीम गश्त और संदिग्धों की पड़ताल के लिए दमकौरा रोड से नए बाईपास होते हुए गांव खनौरा की ओर जा रही थी। रात के समय जब टीम रेलवे अंडर ब्रिज के पास पहुंची, तो सामने सडक़ पर एक व्यक्ति आता दिखाई दिया। पुलिस की गाड़ी देखते ही वह घबरा गया और खेतों की ओर भागने का प्रयास करने लगा।

## तेज हवा या मामूली झटके में गिरने का डर

# शहर में बिजली पोलों की खस्ता हालत, चेयरपर्सन ने बताया 'कंडम'

बिजली निगम से तत्काल कार्रवाई मांगी
स्थानीय व्यवस्था पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद



शहर में जर्जर बिजली पोलों को लेकर एक चौंकाने वाली स्थिति सामने आई है। आमतौर पर जहां जिम्मेदार विभाग ऐसी खामियों को नजरअंदाज करते हैं, वहीं इस बार नगर परिषद के प्रधान खुद आगे आकर बिजली पोलों को 'कंडम' बता रहे हैं और उन्हें बदलने की मांग कर रहे हैं। इस पूरे घटनाक्रम ने व्यवस्था पर सवाल भी खड़े कर दिए हैं। नगर परिषद फतेहाबाद के चेयरमैन राजेंद्र सिंह खिंची ने दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के कार्यकारी अभियंता को पत्र लिखकर स्पष्ट तौर पर कहा है कि शहर के कई इलाकों, यहां तक कि मॉडल टाउन में भी बिजली पोल पूरी तरह जर्जर हो चुके हैं। हैरानी की बात यह है कि यह स्थिति लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन अब तक इन पोलों को बदलने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

### पत्र लिखकर चेताया



पत्र में खिंची ने चेताया कि ये कंडम पोल तेज हवा या मामूली टक्कर में भी गिर सकते हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। नगर परिषद को लगातार मिल रही शिकायतों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि आमजन में डर का माहौल है और लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। चेयरमैन ने बिजली निगम से मांग की है कि शहरभर में ऐसे सभी जर्जर पोलों का सर्वे कराया जाए और प्राथमिकता के आधार पर उन्हें तुरंत बदला जाए। साथ ही, इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने हरियाणा सरकार के ऊर्जा मंत्री और जिला नगर आयुक्त को भी पत्र भेजकर उच्च स्तर पर हस्तक्षेप की मांग की है। इस पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब जिम्मेदार जनप्रतिनिधि खुद व्यवस्था की खामियां उजागर कर रहे हैं, तो अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई।

#### खास बात

- ⏭खुद नगर परिषद प्रधान ने मानी पोलों की खराब हालत
- ⏭मॉडल टाउन सहित कई इलाकों में कंडम पोल
- ⏭हादसे का खतरा, लोगों में डर का माहौल
- ⏭सर्वे कर तुरंत बदलने की मांग

# पूर्व विधायक के हस्तक्षेप के बाद जनप्रतिनिधियों का धरना समाप्त

- 10 मई तक तबादले का मिला आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद



फतेहाबाद। गुरूवार सुबह धरने पर बैठे पंचायत समिति सदस्य व सरपंच।

खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी भजनलाल की कार्यशैली और कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ पिछले चार दिनों से जारी जनप्रतिनिधियों का अनिश्चितकालीन धरना गुरूवार को समाप्त हो गया। पूर्व विधायक दुड़ाराम के हस्तक्षेप और ठोस आश्वासन के बाद पंचायत समिति चेयरपर्सन, सदस्यों और सरपंचों ने अपना आंदोलन वापस लेने का निर्णय लिया। पूर्व विधायक दुड़ाराम ने प्रदर्शनकारी जनप्रतिनिधियों से विस्तार से बातचीत की। धरने को समाप्त करवाने की कवायद फतेहाबाद ब्लॉक की सरपंच एसोसिएशन ने की। एसोसिएशन के ब्लॉक प्रधान सीताराम के नेतृत्व में कई सरपंचों ने पूर्व विधायक दुड़ाराम के कार्यालय जाकर उनसे मुलाकात की। पूर्व विधायक ने पंचायत समिति सदस्यों और सरपंचों की समस्याओं को सुना और विश्वास दिलाया कि विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न करने वाले अधिकारी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पूर्व विधायक ने आश्वासन दिया कि 10 मई तक संबंधित अधिकारी का तबादला करवा दिया जाएगा और क्षेत्र के रुके हुए विकास कार्यों को नई गति प्रदान की जाएगी। इस आश्वासन के बाद जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन के खिलाफ अपना विरोध प्रदर्शन खत्म कर दिया।

### पिछला रिकॉर्ड भी विवादों से भरा : पूजा

इससे पूर्व, धरने के चौथे दिन भी जनप्रतिनिधियों का गुस्सा सातवें आसमान पर रहा। चेयरपर्सन पूजा रानी ने बीडीपीओ पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि अधिकारी का पिछला रिकॉर्ड भी विवादों से भरा रहा है। उन्होंने बताया कि सिरसा में तैनाती के दौरान भी भाजपा पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर उनके दुर्व्यवहार और कमीशनखोरी की शिकायत की थी। आरोप लगाया गया कि अधिकारी विकास कार्यों की फाइलें लटकाते थे और जनप्रतिनिधियों के साथ अभद्र व्यवहार करते थे। धरने पर मौजूद वार्ड नंबर 28 के प्रतिनिधि हनुमान सोनी और अन्य सरपंचों ने कहा कि अधिकारी की तानाशाही के कारण पंचायतों की ग्रांट और प्रोजेक्ट्स ठप्प पड़े थे। उन्होंने चेयरपर्सन को धमकाने की घटना की भी कड़ी निंदा की थी। हालांकि, अब पूर्व विधायक के दखल के बाद मामला शांत हो गया है। जनप्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया है कि वे 10 मई तक का इंतजार करेंगे और यदि वादा पूरा नहीं हुआ तो आगामी रणनीति तैयार की जाएगी।

# प्राइवेट बस परिचालक ने की छात्रों के साथ बदसलूकी

हरिभूमि न्यूज ⏭डबवाली

छात्रों को बस से नीचे उतरने और पुलिस बुलाने की धमकी देने का आरोप


क्षेत्र में प्राइवेट बस में एबीवीपी संगठन के कुछ छात्रों के साथ बदसूलकी का मामला सामने आया है। आरोप है कि बस कंडक्टर ने छात्रों को बस से नीचे उतरने और पुलिस बुलाने तक की धमकी दी। कुछ छात्रों को बस से नीचे उतार दिया और कहा, जो करना है कर लो, टिकट लेकर कहीं शिकायत दे देना। इस पर छात्रों व सवारियों की बस कंडक्टर के साथ काफी बहस होती है। छात्रों के पास बकायदा बस पास होने के बावजूद भी कंडक्टर नहीं मानता। बताया जा रहा है कि यह मामला वीरवार सुबह डबवाली से गोरीवाला रूट का है। अक्सर इस रूट पर प्राइवेट बसें चलती है। रोजाना सैकड़ों की संख्या में छात्र इन बसों में सफर करते हैं। मगर प्राइवेट बस ऑपरेटर छात्रों का बस पास मान्य नहीं करते और उनसे किराया वसूलते हैं। अगर कोई छात्र टिकट नहीं लेता है, तो उसे बीच रास्ते में ही उतार दिया जाता है। कुछ छात्राओं के साथ भी ऐसा हो चुका है। एबीवीपी छात्रों का कहना है कि प्राइवेट बस ऑपरेटरों द्वारा छात्रों के साथ ऐसा व्यवहार असहनीय है।

# कबाड़ की दुकान में लगी आग

- गांव नहला का मामला, लाखों का सामान राख

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जिले के गांव नहला में बुधवार देर रात एक कबाड़ की दुकान में भीषण आग लगने से हडक़ंप मच गया। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। गनीमत यह रही कि इस हादसे में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ और दमकल विभाग ने समय रहते आग पर काबू पाकर इसे आसपास की दुकानों में फैलने से रोक लिया। मिली जानकारी के अनुसार, भूना निवासी विक्की गांव नहला में कबाड़ की दुकान चलाता है। बुधवार शाम को वह रोजाना की तरह दुकान बंद कर अपने घर चला गया था। देर रात अचानक दुकान से आग की लपटें और धुआं उठता देख राहगीरों और पड़ोसियों के होश उड़ गए। आग की भयावहता को देखते हुए स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना दुकानदार विक्की, पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलते ही भूना से दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका। चश्मदीदों का कहना है, अगर फायर ब्रिगेड की टीम पहुंचने में थोड़ी भी देरी करती, तो आग आसपास की इमारतों को भी अपनी चपेट में ले सकती थी।



फतेहाबाद। दुकान में लगी आग से उठती लपटे। फोटो : हरिभूमि

### कारण अभी स्पष्ट नहीं

फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है, लेकिन शॉर्ट सर्किट को इसकी मुख्य वजह माना जा रहा है। दुकानदार के अनुसार दुकान में रखा सारा कबाड़ और कीमती सामान जलकर नष्ट हो गया है, जिससे उसे भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सांसद रेखा शर्मा को एक और लीगल नोटिस भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

हरियाणा से राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा को पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई के बेहद नजदीकी और अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा के सदस्य फतेहाबाद निवासी सुरेश काकड़ ने लीगल नोटिस भेजा है। नोटिस के जरिए कहा गया है कि पूर्व सीएम स्व.भजनलाल और पंचकुला से विधायक चंद्रमोहन पर दिए गए बयान पर सार्वजनिक रूप से बिना शर्त माफी मांगें।अगर पांच दिन में ऐसा नहीं करती हैं, तो इसके बाद उनके विरुद्ध कोर्ट के माध्यम से कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सुरेश ने यह लीगल नोटिस अपने एडवोकेट सुमित सिंवर के जरिए भिजवाया है।



### माफी मांगे सांसद

वहीं, पूर्व सीएम स्व.भजनलाल के भतीजे और फतेहाबाद से पूर्व विधायक दुड़ाराम ने भी रेखा शर्मा से गलती मानते हुए माफी मांगने की मांग की है। वीरवार को पहली बार इस मुद्दे पर चुप्पी तोड़ते हुए दुड़ाराम ने कहा कि चौधरी भजनलाल युगपुरुष थे। वह कोई एक समाज के नेता नहीं थे बल्कि 36 बिरादरी के नेता थे। वह 13 साल तक प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे।

## धर्म-कर्म

### हिंदू धर्म में इस दिन स्नान, तप और दान को अत्यंत फलदायी माना गया

आस्था, दान और पूजा के लिए विशेष

# मई में दो पूर्णिमा का संयोग : एक मई को बैसाख और 31 मई को ज्येष्ठ पूर्णिमा एक ही महीने में

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

मई इस बार धार्मिक दृष्टि से बेहद खास संयोग लेकर आया है। पूरे महीने की शुरुआत भी पूर्णिमा से हो रही है और समापन भी पूर्णिमा पर ही होगा, जो इसे आस्था, दान और पूजा के लिए विशेष बना रहा है। एक मई को वैशाख पूर्णिमा से माह का आगाज होगा, जबकि 31 मई को ज्येष्ठ अधिक पूर्णिमा के साथ इसका समापन होगा। इस दुर्लभ संयोग ने श्रद्धालुओं के बीच उत्साह बढ़ा दिया है। श्री श्याम मंदिर फतेहाबाद के पुजारी पंडित सोनू शर्मा के अनुसार वैशाख पूर्णिमा को बुद्ध पूर्णिमा के रूप में भी मनाया जाता है, जिसका हिंदू और बौद्ध धर्म में विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु की पूजा और जल का दान करने से अक्षय पुण्य मिलता है। बौद्ध परंपरा के अनुसार, इसी दिन भगवान गौतम बुद्ध का जन्म, ज्ञान प्राप्ति और महापरिनिर्वाण हुआ था। हिंदू धर्म में भी इस दिन स्नान, तप और दान को अत्यंत फलदायी माना गया है।

### अधिक मास की पूर्णिमा का बढ़ा महत्व

पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि इस महीने का समापन 31 मई को ज्येष्ठ अधिक पूर्णिमा पर होगा, जिसे पुरुषोत्तम मास की पूर्णिमा भी कहा जाता है। अधिक मास में पड़ने के कारण इसका धार्मिक महत्व और बढ़ जाता है। इस दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा को विशेष फलदायी बताया गया है। धार्मिक ग्रंथों में इस पूर्णिमा को 'सर्व सिद्धिदायिनी' कहा गया है, यानी यह सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाली मानी जाती है। दोनों पूर्णिमा तिथियों पर व्रत रखना, विष्णु मंत्रों का जाप और सत्यनारायण कथा का पाठ करना शुभ माना गया है। श्रद्धालु पवित्र नदियों में स्नान कर दान-पुण्य करते हैं। शाम के समय चंद्रमा को अर्घ्य देने की परंपरा भी विशेष फलदायी मानी गई है। मई का यह अनोखा संयोग श्रद्धालुओं के लिए भक्ति, दान और आत्मिक शांति का विशेष अवसर लेकर आया है।

### गर्मी में दान का विशेष महत्व



पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि मई की तपती गर्मी को देखते हुए इस दिन जल सेवा और जरूरतमंदों की मदद को विशेष पुण्यदायी माना गया है। जल से भरे मटके रखना, राहगीरों को पानी पिलाना, अनाज, दाल-चावल और भोजन का दान करना शुभ माना जाता है। इसके अलावा सूती वस्त्र, गुड़-शक्कर, पंखा या छाता तथा फल और शीतल पेय पदार्थों का वितरण भी पुण्य फलदायी माना गया है। मान्यता है कि सच्चे मन से किया गया दान न केवल कर्मों को शुद्ध करता है, बल्कि जीवन में सकारात्मक ऊर्जा भी लाता है।

### ये करें, मिलेगा विशेष फल

- ⏭दोनों पूर्णिमा पर व्रत रखें
- ⏭विष्णु मंत्रों का जाप करें
- ⏭सत्यनारायण कथा का पाठ करें
- ⏭पवित्र नदियों में स्नान और दान करें
- ⏭शाम को चंद्रमा को अर्घ्य दें
- ⏭मई का यह संयोग श्रद्धालुओं के लिए भक्ति, दान और पुण्य कमाने का सुनहरा अवसर लेकर आया है।

## ऑस्ट्रेलिया में चमकी सिरसा की बेटी नेहा

सिरसा। डिंग मंडी निवासी राजमल पचार की बेटी नेहा साहू ने ऑस्ट्रेलिया में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए रॉयल ऑस्ट्रेलियन एयरफोर्स में लॉजिस्टिक्स ऑफिसर के रूप में जॉइन किया है। उनकी इस सफलता से न केवल परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। नेहा के पिता राजमल पचार ने बताया कि वह पिछले करीब 15 वर्षों से ऑस्ट्रेलिया में रह रही हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत एक शिक्षिका के रूप में की थी और लगभग 10 वर्षों तक प्राइमरी स्कूल में पढ़ाया। इसके बाद उन्होंने अपने लक्ष्य को नया आयाम देते हुए एयरफोर्स में जाने का सपना पूरा किया। उनकी मेहनत, लगन और निरंतर प्रयास ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया। अहम बात यह है कि उनके पति अभिनव साहू भी पिछले 14 वर्षों से रॉयल ऑस्ट्रेलियन एयरफोर्स में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

## ठेका प्रथा समाप्त और कच्चे कर्मचारियों की पक्की भर्ती की मांग

# नगरपरिषद कर्मचारी हड़ताल पर, आज व कल शहर में ठप रहेगी सफाई व्यवस्था

**सरकार के उदासीन रवैये के खिलाफ की नारेबाजी**

■ मांगें पूरी नहीं होने तक जारी रहेगा संघर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

शहर में दो दिन, 1 व 2 मई को सफाई का कामकाज पूरी तरह ठप्प रहेगा। अपनी लंबित मांगों और सरकार के उदासीन रवैये के विरोध में नगरपरिषद के कर्मचारियों ने दो दिवसीय हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। इस हड़ताल को लेकर आज नगरपरिषद कार्यालय में कर्मचारियों ने जोरदार रोष प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आज के प्रदर्शन की अध्यक्षता नगरपालिका कर्मचारी संघ के इकाई प्रधान नरेश राणा ने की, जबकि मंच का संचालन सचिव ओम प्रकाश लोट द्वारा किया गया। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों को संबोधित करते हुए राज्य प्रेस सचिव व जिला प्रधान विजय ढाका ने कहा कि हरियाणा सरकार की वादाखिलाफी और तानाशाही अब बर्दाश्त से बाहर है। कर्मचारियों ने 16 अप्रैल से चरणबद्ध तरीके से विरोध दर्ज कराया, कभी कार्य बंद किया, कभी काली पट्टी बांधी और भूख हड़ताल भी की। लेकिन सरकार की हठधर्मिता ने कर्मचारियों को 1 व 2 मई को प्रदेशव्यापी हड़ताल के लिए मजबूर कर दिया है। शहर की सफाई व्यवस्था चरमराने की पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी। इकाई प्रधान नरेश राणा ने अपने संबोधन में स्पष्ट किया कि कर्मचारियों मकसद जनता को परेशान करना नहीं है, बल्कि अपने हक की लड़ाई लडऩा है। जब तक ठेका प्रथा समाप्त नहीं होती और कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की प्रक्रिया शुरू नहीं होती, उनका संघर्ष जारी रहेगा। सरकार कर्मचारियों को बातचीत के लिए बुलाने के बजाय दमनकारी नीतियां अपना रही है, जिसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।


फतेहाबाद। नगरपरिषद कार्यालय में रोष जताते कर्मचारी।

### कर्मचारियों की प्रमुख मांगें

हड़ताल के दौरान कर्मचारी संघ ने मांग की है कि सभी विभागों से ठेका प्रथा खत्म कर पक्की भर्ती की जाए। समान काम-समान वेतन, कच्चे कर्मचारियों को न्यूनतम 30 हजार वेतन दिया जाए। फरीदाबाद अग्निकांड में शहीद हुए कर्मचारियों के परिजनों को नौकरी और आर्थिक सहायता मिले। हाईकोर्ट के निर्देशानुसार कच्चे कर्मियों को अविलंब पक्का किया जाए। कर्मचारियों के भविष्य की सुरक्षा के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू हो। नगरपालिका कर्मचारी संघ ने शहरवासियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि इस संघर्ष में उनका साथ दें, क्योंकि यह लड़ाई आत्मसम्मान और भविष्य की सुरक्षा की है। 1 व 2 मई को घरों से कचरा न निकलने और सफाई न होने के कारण होने वाली असुविधा के लिए कर्मचारी संघ ने खेद जताया है।

### दमकल कर्मी अब 4 मई तक भूख हड़ताल पर डटे रहेंगे

हरिभूमि न्यूज. फतेहाबाद। अपनी मांगों को लेकर हरियाणा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोले बैठे दमकल कर्मियों ने अब आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है। वीरवार को हड़ताल के 23वें दिन कर्मचारियों ने सरकार की वादाखिलाफी और टालमटोल की नीति के विरोध में अपनी क्रमिक भूख हड़ताल को 4 मई तक बढ़ाने का फैसला लिया। आज के धरने की कमान इकाई प्रधान विनोद खिचड़ ने संभाली, जिसमें अग्निशनम कर्मचारी यूनियन के राज्य सचिव सतबीर सहारण और फायर ऑपरेटर सुखविन्द्र भूख हड़ताल पर बैठे। इस दौरान दमकल विभाग के 26 कर्मचारी डटे रहे। यूनियन नेताओं ने सरकार की मंशा पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि फरीदाबाद अग्निकांड और सूरजकुंड मेले में शहीद हुए पुलिसकर्मियों को तो 1 करोड़ की राशि और शहीद का दर्जा मिला, लेकिन उन्हीं हादसों में जान गंवाने वाले दमकल कर्मियों के परिवारों को सिर्फ खोखले आश्वासन दिए गए। कर्मचारियों ने दो-टूक शब्दों में कहा कि क्या दमकल कर्मियों की जान की कोई कीमत नहीं है। उन्होंने मांग की कि दमकल विभाग के शहीदों को भी पुलिस के समान ही सम्मान और मुआवजा मिले। सर्व कर्मचारी संघ के जिला महासचिव कृष्ण नैन और जिला प्रधान सुरजीत ढुसाद सहित अन्य कर्मचारी नेताओं ने धरने को समर्थन देते हुए मंत्री के उस बयान की कड़ी निंदा की जिसमें ठोस कदम उठाने की चेतावनी दी गई थी। सकसं नेताओं ने इसे सीधे तौर पर कर्मचारियों को डराने की कोशिश बताया और कहा कि ऐसी धमकियां दमकल कर्मियों के मनोबल को नहीं तोड़ सकतीं।

### कर्मचारियों ने जनस्वास्थ्य विभाग कार्यालय पर दिया धरना

सिरसा। हरियाणा गवर्नमेंट पी.डब्ल्यू.डी. मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन जिला कमेटी सिरसा के आह्वान पर कर्मचारियों ने वीरवार को अपनी लंबित मांगों और जॉब सिक्योरिटी पोर्टल पर डेटा सत्यापन न होने के विरोध में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, मंडल नंबर-2 के कार्यालय के समक्ष जोरदार रोष प्रदर्शन किया और धरना दिया। यूनियन जिला प्रधान जगदीश दड़बा और जिला सचिव राजेंद्र गोटवाल के नेतृत्व में कर्मचारियों ने विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कर्मचारियों का आरोप है कि सरकार के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद अधिकारी जानबूझकर उनके डेटा सत्यापन के कार्य में देरी कर रहे हैं, जिससे सैकड़ों कर्मचारियों की नौकरी की सुरक्षा पर संकट मंडरा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यालय के निर्देशानुसार 25 अप्रैल 2026 तक सभी एमपीडब्ल्यू व एचकेआरएन कर्मचारियों का डेटा डीडीओ स्तर पर सत्यापित होना था, लेकिन अधिकारियों की हठधर्मी के कारण आज तक यह कार्य अधूरा है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि पात्र कर्मचारियों का डेटा तुरंत पोर्टल पर अपडेट नहीं किया गया, तो वे पीछे नहीं हटेंगे। डेटा सत्यापन के साथ-साथ कर्मचारियों की अन्य पुरानी मांगों का समाधान न होने पर भी गहरा रोष व्यक्त किया गया। नेताओं ने स्पष्ट किया कि आज का प्रदर्शन केवल एक शुरुआत है। यदि प्रशासन ने अभी भी अपनी कार्यप्रणाली नहीं सुधारी, तो इस आंदोलन को और उग्र किया जाएगा और पूरे जिले के कर्मचारी स?कों पर उतरने को मजबूर होंगे। इसकी पूरी जिम्मेदारी विभाग के उच्च अधिकारियों की होगी।


फतेहाबाद। एमएम कॉलेज में विद्यार्थियों का इंटरव्यू लेते एचडीएफसी बैंक के अधिकारी।

# एमएम कॉलेज में 24 छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

■ एमएम कॉलेज में एक विशेष कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

मनोहर मैमोरियल महाविद्यालय के प्रांगण में गुरुवार को एक विशेष कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम इंस्टीट्यूट ऑफ फाइनेंस, बैंकिंग एंड इंश्योरेंस के हॉयर एंड ट्रेन मॉडल की ओर से देश के प्रतिष्ठित एचडीएफसी बैंक में सहायक मैनेजर के पदों पर नियुक्ति हेतु आयोजित किया गया था। कॉलेज के प्लेसमेंट सैल इंचार्ज डॉ. रोबिन आनंद ने बताया कि इस चयन प्रक्रिया में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों से पासआउट हो चुके पूर्व छात्रों और वर्तमान में अंतिम वर्ष में पढ़ रहे कुल 24 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस पूरी प्रक्रिया का सफल संचालन महाविद्यालय के कैरियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सैल की प्रत्यक्ष देखरेख में किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण आंचल के विद्यार्थियों को बड़े कॉरपोरेट घरानों में रोजगार के अवसर प्रदान करना है। साक्षात्कार लेने के लिए एन.आई.आई.टी., गुरुग्राम से विशेष तौर पर सहायक मैनेजर नरेश कुमार एवं सीनियर काउंसलर प्रतिभा पहुंचे। उन्होंने विद्यार्थियों की शैक्षणिक योग्यता के साथ-साथ उनके बैंकिंग कौशल और आत्मविश्वास का बारीकी से आकलन किया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, संस्थान का मुख्य लक्ष्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को पेशेवर रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। इस प्रकार की प्लेसमेंट ड्राइव से विद्यार्थियों को बैंकिंग क्षेत्र के कार्यबल को समझने का प्रत्यक्ष अनुभव मिलता है और उनका भविष्य सुरक्षित होता है। इस दौरान कॉलेज के ले. विनोद कुमार सहित अन्य स्टाफ सदस्य और प्लेसमेंट सैल की टीम भी उपस्थित रही।

## खबर संक्षेप

### बाइक चोरी के मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

भट्टूकलां। मोटरसाइकिल चोरी की गुत्थी सुलझाते हुए भट्टूकलां पुलिस ने इस मामले के दूसरे आरोपी को भी काबू किया है। पुलिस इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। थाना भट्टूकलां के प्रभारी उपनिरीक्षक राधे श्याम ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान आशु उर्फ विकास निवासी गांव पंजुआना, सिरसा के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने उसे मेहूवाला मोड़ के पास से गिरफ्तार किया। इससे पहले पुलिस इसी गांव के शेखर नामक युवक को चोरीशुदा मोटरसाइकिल के साथ दबोच चुकी है। पुलिस पूछताछ में यह सनसनीखेज खुलासा हुआ है कि दोनों आरोपी नशे के आदी हैं।

### ग्रामीणों ने नशा बेच रहे युवक को पकड़ा

चोपटा। क्षेत्र में नशे के बढ़ते प्रकोप को रोकने के लिए क्षेत्र के युवाओं ने कमर कस ली है। युवा टीम बनाकर नशा विरोधी मुहिम चला रहे हैं। इसी कड़ी में के गांव दड़बा कलां में युवाओं को नशे से बचाने के लिए एक कमेटी का गठन किया गया है। इस कमेटी का उद्देश्य है कि गांव के बच्चों को नशे से बचाना व बाहर से या गांव के लोग जो नशा तस्करी का कार्य कर रहे हैं उन्हें पकडक़र प्रशासन के हवाले करना है। कमेटी के सदस्य प्रहलाद को सूचना मिली कि गांव के कुछ नौजवान लड़के नशा कर रहे हैं। उन्हें सख्ती से पूछने पर पता चला कि बच्चों को यह नशीली गोलियां नाथूसरी-चौपटा क्षेत्र के गांव हंजीरा निवासी युवक सप्लाई करता है।

# दंगा करने वाले चार आरोपी किए गिरफ्तार, नौ जिंदा कारतूस बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पुलिस ने हुडा सेक्टर-19 में सार्वजनिक स्थान पर हथियारों के साथ दंगा करने के मामले में कार्रवाई करते हुए स्कॉर्पियो सवार चार युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 9 जिंदा कारतूस तथा घटनास्थल से 2 खाली कारतूस बरामद किए गए हैं। सिविल लाइन थाना प्रभारी बलराज सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि हुडा सेक्टर-19 स्थित एक करियाणा स्टोर के पास कुछ युवक एकत्र होकर झगड़ा कर रहे हैं तथा अवैध हथियारों के इस्तेमाल की आशंका है। सूचना पर पुलिस टीम जब घटनास्थल पर पहुंची तो वहां एक स्कॉर्पियो गाड़ी खड़ी मिली, जिसमें चार युवक बैठे थे। शक के आधार पर तलाशी लेने पर चालक सीट पर बैठे सुनील कुमार निवासी सिरसा के कब्जे से 3 जिंदा कारतूस बरामद हुए।


सिरसा। सार्वजनिक स्थल पर दंगा करने के मामले में पकड़े गए आरोपी।

# नशे पर प्रहार : पंजाब के दो तस्कर गिरफ्तार

## गांव धर्मपुरा क्षेत्र में कार्रवाई, पांच किलो चूरापोस्त बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पुलिस ने गांव धर्मपुरा क्षेत्र से दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से करीब पांच किलोग्राम चूरापोस्त बरामद किया गया है। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो डबवाली इंचार्ज बनवारी लाल ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान पंजाब निवासी हन्नी सिंह व मंदीप सिंह के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि हन्नी सिंह व मंदीप सिंह चूरापोस्त बेचने का काम करते है और आज अपनी मोटरसाइकिल पर चूरापोस्त लेकर गांव संगत खुर्द से गांव धर्मपुरा होते हुए हरियाणा में बेचने के लिए आएंगे। पुलिस ने सूचना के आधार पर धर्मपुरा में नाकाबंदी कर वाहनों की तलाश शुरू कर दी। इसी दौरान बाइक पर दो लोग सवार होकर आते दिखाई दिए जो कि पुलिस को देखकर वापस मुडक़र भागने लगे। पुलिस ने उन्हें काबू कर लिया और तलाशी ली तो उनके कब्जे से करीब पांच किलोग्राम चूरापोस्त बरामद हुआ। आरोपियों के खिलाफ डबवाली पुलिस थाना में मामला दर्ज किया गया है।


सिरसा। पकड़े गए चूरापोस्त तस्कर।

### बाइक चोर गिरोह के दो सदस्य काबू

पुलिस ने सिरसा शहर क्षेत्र से बाइक चोर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान पंजाब के बठिंडा निवासी चरणजीत सिंह व जोगिंद्र सिंह के रूप में हुई। सिविल लाइन थाना प्रभारी बलराज ने बताया कि गुरदास सिंह ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई कि उसका बाइक दुकान से चोरी हो गया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू की। महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर पुलिस ने चरणजीत सिंह व जोगिंद्र को गिरफ्तार कर लिया है।

# तीन अलग-अलग मामलों में हेरोइन सहित तीन काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एंटी नारकोटिक सेल, बड़ोपल पुलिस चौकी और थाना सदर टोहाना की टीमों ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से तीन युवकों को कुल 17.04 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक सेल फतेहाबाद की टीम ने भट्टू रोड स्थित बाल भारती स्कूल वाली गली के पास से सोनू उर्फ छनीया निवासी काठ मण्डी, फतेहाबाद को 5.14 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया। सेल प्रभारी साधुराम ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर यह दबिश दी गई थी। दूसरे मामले में थाना सदर फतेहाबाद के अंतर्गत बड़ोपल पुलिस चौकी की टीम ने नेशनल हाईवे-9 पर सन स्टार होटल, खारा खेड़ी के पास से राकेश कुमार उर्फ किन्नू निवासी रत्ताखेड़ा को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी प्रहलाद के अनुसार, गश्त के दौरान संदिग्ध दिखने पर जब उसकी तलाशी ली गई, तो उसके पास से 5.72 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। तीसरे मामे में थाना सदर टोहाना पुलिस ने गांव सलेमपुरी हेड के पास से राहुल निवासी धारसूल खुर्द को 6.18 ग्राम हेरोइन सहित दबोचा।

# एमिनेंट पर्सन ने किया जेल का निरीक्षण, व्यवस्थाएं मिलीं दुरुस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सीएम विंडो की सुनवाई के दौरान जिला जेल सिरसा में उपयोग किए जाने वाले बर्तनों एवं कंबलों की गुणवत्ता को लेकर एक शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसे संज्ञान में आते ही एमिनेंट पर्सन की टीम द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए मौके पर जाकर विस्तृत निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण में एमिनेंट पर्सन कपिल सोनी एडवोकेट, सुनील बामनिया, विष्णु शर्मा, सुशील सैनी तथा नीरज सैनी शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान टीम ने जेल परिसर के विभिन्न हिस्सों का बारीकी से अवलोकन किया और पाया कि कैदियों के उपयोग में आने वाले बर्तन पूरी तरह साफ-सुथरे एवं उपयोग योग्य स्थिति में हैं। इसी प्रकार कंबल भी अच्छी अवस्था में पाए गए, जिनमें किसी प्रकार की कमी या लापरवाही नहीं पाई गई। इसके अतिरिक्त, टीम ने जेल अधीक्षक जसवंत की उपस्थिति में बैरकों, रसोई घर, का भी निरीक्षण किया। सभी स्थानों पर साफ-सफाई, अनुशासन एवं व्यवस्थाओं का स्तर संतोषजनक पाया गया।


सिरसा। जिला जेल में निरीक्षण करने पहुंची एमिनेंट पर्सन की टीम।

# जेजेपी नेता ने डीसी को लिखा पत्र समस्याओं के समाधान की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जननायक जनता पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के प्रधान महासचिव राधेश्याम शर्मा ने उपायुक्त को पत्र लिखकर शहर की समस्याओं की ओर ध्यान खींचा है और उनसे इनका तुरंत समाधान करने की मांग की है। राधेश्याम शर्मा ने कहा कि कोर्ट कांपलेक्स की पार्किंग के समीप पक्षी विहार बना जिसकी हालत बेहद खराब है और इसकी रैलिंग टूटी हुई है। उन्होंने पक्षी विहार का जीर्णोद्धार करने व इसके स्थाई तौर पर रखरखाव की व्यवस्था करने की मांग की है। साथ ही वर्ष 2002-03 में चौधरी देवीलाल टाउन पार्क में स्थापित किए गए फव्वारे पिछले लंबे समय से खराब है। इन्हें अविलंब ठीक करवाकर इसका स्थाई तौर पर रखरखाव किया जाए। इसके अलावा उपरोक्त समयावधि में ही भाई कन्हैया पार्क का निर्माण भी करवाया गया था जिसमें भाई कन्हैया के स्मारक से मस्क से पानी बहता था और रंगीन लाइटें लगी हुई थी, जो सुंदर लगता था मगर अब इस स्मारक की हालत काफी खराब हो चुकी है। प्रशासन इस स्मारक का भी जल्द से जल्द जीर्णोद्धार करवाए। राधेश्याम शर्मा ने मांग की कि शहर में यातयात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए ट्रेफिक लाइटें लगी हुई हैं जो अक्सर खराब रहती हैं।

# सिरसा का बेटा अभिन टीवी इंडस्ट्री में चमकाएगा नाम

## स्टार प्लस के शो 'तोड़ कर दिल मेरा' में दिखेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

शहर के लिए गर्व की बात है कि यहां के होनहार युवा अभिन मेहता अब फिल्म नगरी मुंबई में अपनी प्रतिभा का परचम लहराने जा रहे हैं। अभिन मेहता जो कि शहर के जाने-माने सेतिया पैलेस और लक्ष्मी टैंट हाउस से जुड़े महेश मेहता के बेटे हैं। अभिन मेहता को स्टार प्लस के लोकप्रिय धारावाहिक 'तोड़ कर दिल मेरा' में अहम भूमिका मिली है। इस शो में वह समीर नामक किरदार निभाते नजर आएंगे। अभिन के इस चयन से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे



सिरसा शहर में खुशी और गर्व का माहौल है। अभिन की सफलता के पीछे उनके परिवार की सांस्कृतिक विरासत भी अहम भूमिका निभाती है। उनके दादा स्व. हाकम राय मेहता ने लगभग 40 वर्षों तक सिरसा के प्रसिद्ध रामा क्लब में भगवान राम का किरदार निभाकर कला के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई थी। अब उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए अभिन मेहता अभिनय की दुनिया में कदम रख रहे हैं।

### श्वेत पत्र जारी करे हरियाणा सरकार: झोरड़

सिरसा। झोरड़ खाप के अध्यक्ष विनोद झोरड़ ने राज्य सरकार से हरियाणा में रोजगार के क्षेत्र में किए गए कार्यों संबंधी श्वेत पत्र जारी करने की मांग की है। विनोद झोरड़ ने जारी बयान में कहा कि हरियाणा में दिन प्रतिदिन बढ़ रही बेरोजगारी का ही परिणाम है कि आज युवा शक्ति पथभ्रमित होकर नशे के दलदल में डूब रही है जो सर्वाधिक चिंतनीय है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा रोजगार के क्षेत्र में दिए जाने वाले संपूर्ण आंकड़े गुमराह करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि आज रोजगार के मामले में हरियाणा की स्थिति यूपी, बिहार से भी ज्यादा बदत्तर है क्योंकि भाजपा सरकार की किसी भी योग्य युवाओं को रोजगार देने की मंशा ही नहीं है। झोरड़ ने कहा कि आज प्रदेश के स्कूलों, अस्पतालों, परिवहन सहित विभिन्न विभागों में हजारों पद रिक्त पड़े हैं जिन्हें सरकार की ओर से भरने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया जा रहा।

## फतेहाबाद में ऑपरेशन जीवन ज्योति से संवरी मासूम की जिंदगी

# नशे ने छीनी थी किताबें, पुलिस ने लौटाए सपने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

समाज में पुलिस की भूमिका अक्सर अपराधियों को पकडऩे तक सीमित मानी जाती है, लेकिन फतेहाबाद पुलिस ने ऑपरेशन जीवन ज्योति के माध्यम से मानवीय संवेदनाओं की एक नई मिसाल पेश की है। नशे के कारण अंधेरे में डूबे एक परिवार की मासूम बच्ची, जिसकी पढ़ाई छूट चुकी थी, पुलिस की पहल के बाद एक बार फिर स्कूल की दहलीज तक पहुंच गई है।मामला रतिया के गांव खाई का है, जहां एक छोटी बच्ची का भविष्य उसके घर की परिस्थितियों के कारण संकट में था। पिता और भाई के नशे की लत का शिकार होने की वजह से परिवार पूरी तरह बिखर चुका था। आर्थिक तंगी और मानसिक तनाव के बीच मासूम के हाथों से किताबें छूट गई। उसके दादा-दादी उसे पढ़ाना तो चाहते थे, लेकिन घर के हालात और सीमित संसाधनों के कारण खुद को लाचार महसूस कर रहे थे। यह मामला फतेहाबाद पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन जीवन ज्योति और नशा मुक्ति अभियान के दौरान पुलिस के संज्ञान में आया।



रतिया। बालिका का विद्यालय में दाखिला करवाते नशामुक्ति टीम सदस्य।

### कस्तूरबा गांधी स्कूल में हुआ दाखिला

प्रशासनिक और कागजी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद पुलिस टीम खुद बच्ची और उसके दादा-दादी को लेकर गांव खाई स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पहुंची। वहां विद्यालय की प्राचार्य के सहयोग से बच्ची का दाखिला सुनिश्चित कराया गया। स्कूल में दोबारा कदम रखते ही बच्ची के चेहरे पर मुस्कान लौट आई और उसके बुजुर्ग दादा-दादी की आंखों में संतोष के आंसू छलक पड़े। प्राचार्य ने भी पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए बच्ची की शिक्षा में पूर्ण सहयोग का भरोसा दिया है। एसपी निकिता खट्टर ने जिला वासियों से अपील की है कि यदि उनके आसपास कोई भी बच्चा नशे या पारिवारिक परिस्थितियों के कारण शिक्षा से वंचित है, तो इसकी सूचना पुलिस को दें।

## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना: 8 मई तक करें आवेदन

**सिरसा।** भारत सरकार द्वारा युवाओं के कौशल विकास को लेकर प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना चलाई जा रही है। इस योजना का उद्देश्य देशभर के एक करोड़ युवाओं को 500 कंपनियों में आगामी पांच वर्षों के दौरान इंटर्नशिप का अवसर प्रदान करना है। योजना के तीसरे चरण के तहत मार्च 2026 से दिसंबर 2026 तक एक लाख 10 हजार इंटर्नशिप प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस योजना में 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के बेरोजगार युवाओं को मल्टीनेशनल कंपनियों के विभिन्न क्षेत्रों में इंटर्नशिप करने का सुनहरा मौका मिलेगा। पात्रता शर्तों के अनुसार आवेदक नियमित पढ़ाई नहीं कर रहा हो, उसने पहले कोई अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण न लिया हो, वार्षिक आय 12 लाख रुपये से अधिक न हो तथा परिवार का कोई सदस्य सरकारी कर्मचारी न हो।

### हेरोइन सहित बाइक सवार युवक काबू

**सिरसा।** एटीं नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने गश्त के दौरान गांव गुसाईआना क्षेत्र से एक युवक को 25 ग्राम 33 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम के प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान अमित कुमार सिंह निवासी गांव नेठराना जिला हनुमानगढ राजस्थान के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान गांव गुसाईआना क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान सामने से बाइक सवार एक युवक आता दिखाई दिया। पुलिस की गाड़ी को देखकर युवक ने अचानक बाइक को वापस मोडक़र भागने का प्रयास किया। पुलिस पार्टी ने शक के आधार पर उक्त युवक को काबू कर उसके कब्जा से 25 ग्राम 33 मिलीग्राम हैरोइन बरामद की।

### जैन स्कूल के विद्यार्थियों ने किया गौशाला का भ्रमण

**सिरसा।** सेठ सागर मल सुराणा जैन कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के एलकेजी एवं यूकेजी कक्षा के विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत चौधरी देवीलाल गौशाला का दौरा करवाया गया। विद्यालय प्राइमरी इंचार्ज नीरज एवं कक्षा अध्यापिकाएं डिंपल, पुष्पा, मीनू, पूनम शर्मा व रानी के मार्गदर्शन में बच्चों ने गायों को सवामणी भी अर्पित की तथा हरा चारा खिलाया। प्रधानाचार्या रेणु बाला ने कहा कि इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य बच्चों को प्रकृति और जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशील बनाना है। प्रबंधक समिति के अध्यक्ष मक्खनलाल गोयल, प्रबंधक हनुमान मल गुजरानी एवं ट्रस्टी देवेंद्र डागा ने बताया कि किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान भी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है।

### सट्टा राशि सहित 8 आरोपी दबोचे

**सिरसा।** सीआईए सिरसा व रानियां थाना पुलिस ने गश्त व चैकिंग के दौरान कार्रवाई करते हुए अलग-अलग क्षेत्रों से सार्वजनिक जगह पर सट्टा खाइवाली करने वाले आठ लोगों को काबू कर उनके कब्जा से 35200 रुपए की सट्टाराशि बरामद की है। सीआईए सिरसा प्रभारी ने बताया कि थाना की एक पुलिस टीम ने गश्त के दौरान डिंग मंडी सिरसा क्षेत्र में मौजूद थी। पुलिस ने दबिश देकर दो आरोपी संदीप कुमार व बंजरग निवासी गांव डिंग मंडी जिला सिरसा को गिरफ्तार कर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जा से 19700 रूपए की सट्टाराशि बरामद हुई। वहीं एक अन्य घटना में रानियां थाना की एक पुलिस टीम ने खेल स्टेडियम मे दबिश देकर 6 आरोपियों सुनील, प्रवीन निवासियांन, अग्रेज सिंह, हरमेश, संजन, बलकार सिंह समंदर सिंह को गिरफ्तार किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 8291554800, 7988727916

# मिड-डे मील पर सख्ती : निदेशक का नोटिस, 2 दिन में राशन नहीं पहुंचा तो होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले के सरकारी स्कूलों में मिड-डे मील योजना को लेकर मचे घमासान के बीच अब मुख्यालय ने कड़ा रुख अपनाया है। फतेहाबाद जिले के स्कूलों में पिछले तीन महीनों से राशन और बजट की किल्लत का मामला उजागर होने के बाद, निदेशक मौलिक शिक्षा हरियाणा ने इसे अत्यंत गंभीरता से लिया है। इस गंभीर लापरवाही को लेकर निदेशक मौलिक शिक्षा हरियाणा की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई गई, जिसमें जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी फतेहाबाद और हरियाणा एग्रो के प्रबंधकों को तलब किया गया। बैठक के बाद निदेशक कार्यालय द्वारा जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी फतेहाबाद को एक सख्त पत्र जारी कर फटकार लगाई गई है। विभाग ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक माह की 10 तारीख तक मिड-डे मील सामग्री की मांग हरियाणा एग्रो को भेजना सुनिश्चित किया जाए। बार-बार निर्देश देने के बावजूद यदि भविष्य में इस प्रक्रिया में कोई कोताही पाई गई, तो संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे। इसके अलावा निदेशक द्वारा हरियाणा एग्रो को आदेश दिए गए हैं कि फतेहाबाद के स्कूलों में दो दिन के भीतर हर हाल में राशन की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

- संघ ने डीईईओ पर लगाया था गुमराह करने का आरोप
- इस गंभीर लापरवाही को लेकर निदेशक मौलिक शिक्षा हरियाणा की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई गई
- जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी फतेहाबाद और हरियाणा एग्रो के प्रबंधकों को तलब किया गया

**खास बात**

- 3 महीने से राशन और बजट की किल्लत
- डीईईओ को नोटिस, जवाबदेही तय
- 10 तारीख तक डिमांड भेजना अनिवार्य
- हरियाणा एग्रो को 2 दिन में सप्लाई के आदेश
- समाधान न हुआ तो आंदोलन की चेतावनी

### निदेशक की सख्त चेतावनी, लापरवाही हुई तो अधिकारी होंगी जिम्मेदार

बता दें कि राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने आरोप लगाया था कि दिसंबर माह से अब तक स्कूलों को कुकिंग कॉस्ट भोजन पकाने की राशि प्राप्त नहीं हुई है। हालात इतने खराब हैं कि शिक्षकों को अपनी जेब से पैसा खर्च कर राशन खरीदना पड़ रहा है ताकि बच्चों को भूखा न रहना पड़े। संघ के पदाधिकारियों ने कहा था कि विभाग कभी हरहित स्टोर तो कभी हरियाणा एग्रो से राशन लेने के निर्देश देकर केवल गुमराह कर रहा है, जबकि वास्तविकता यह है कि अभी तक किसी भी माध्यम से राशन नहीं पहुंचा है। संघ के राज्य चेयरमैन देवेंद्र दहिया ने विभाग को अल्टीमेटम देते हुए कहा था कि यदि एक सप्ताह के भीतर राशन की आपूर्ति और बकाया बजट जारी नहीं किया गया, तो स्कूलों में मिड-डे मील बनाना बंद कर दिया जाएगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। संघ ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी अनिता बाई पर गुमराह करने का आरोप लगाया था। डीईईओ द्वारा मिड डे मील बजट की कोई डिमांड न आने और स्कूलों को अपने स्तर पर राशन खरीदने के दावों को झूठा करार दिया था।

### निदेशक के एक्शन पर जताया आभार पर आंदोलन की दी चेतावनी

इधर, विभाग की इस त्वरित कार्रवाई पर राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने संतोष जताते हुए मुख्यालय का आभार प्रकट किया है। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि मीडिया में मामला उठने के बाद निदेशालय का हस्तक्षेप स्वागत योग्य है। हालांकि, संघ ने यह भी साफ कर दिया है कि केवल कागजी आदेशों से काम नहीं चलेगा। संघ के नेताओं ने चेतावनी देते हुए कहा, हम विभाग की सक्रियता का धन्यवाद करते हैं, लेकिन यदि दो दिन के भीतर धरातल पर राशन नहीं पहुंचा और बकाया बजट जारी नहीं हुआ, तो शिक्षकों के पास आंदोलन का रास्ता अपनाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा।

## 15 मई तक होगी सरकारी खरीद, आंकड़ा और बढ़ेगा

# मंडियों में पिछले साल से 38 हजार एमटी गेहूं की ज्यादा हुई खरीद

- कृषि विशेषज्ञ उत्पादक बढने को लेकर उत्साहित

सुरेन्द्र असीजा ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद में सोमवार तक जिले की मंडियों में 7 लाख 126 एमटी गेहूं की खरीद हो चुकी है। पिछले साल पूरे सीजन में 6 लाख 61 हजार 485 एमटी गेहूं की खरीद हुई थी। इस बार पिछले साल से 38 हजार 761 एमटी गेहूं की ज्यादा आवक हुई है और अभी गेहूं की खरीद जारी है। गेहूं की खरीद 15 मई तक होनी है। ऐसे में माना जा रहा है कि गेहूं खरीद का आंकड़ा अभी ओर बढ़ेगा।

विशेषज्ञों का मानना है कि यह एक रिकार्ड की बात है कि फरवरी तक अप्रैल तक मौसम प्रतिकूल रहने के बावजूद गेहूं का उत्पादन ज्यादा हुआ है। वीरवार तक मंडियों से 4 लाख 51 हजार 705 एमटी गेहूं की लिफ्टिंग हो चुकी है जबकि 2 लाख 48 हजार 421 एमटी गेहूं मंडियों में पड़ी है। यानि कि अब तक 64.52 प्रतिशत गेहूं की लिफ्टिंग हो चुकी है। जिले की 7 मंडियों व 44 खरीद केन्द्रों में 65 हजार 238 किसान अपनी फसल बेच चुके हैं। किसानों द्वारा बेची गई गेहूं का कुल मूल्य 1809 करोड़ 82 लाख रुपये बनता है जबकि किसानों को अभी तक 1053.87 करोड़ का ही भुगतान उनके खातों में किया गया है। यानि कि 756 करोड़ रुपये किसानों के खरीद एजेंसियों के पास फंसे हुए है।

मंडी के आढ़तियों का मानना है कि किसान अपनी गेहूं मंडियों में ला चुके हैं। अब खरीद के बाद लिफ्टिंग का काम शेष बचा हुआ है। उम्मीद है एक सप्ताह तक पूरी गेहूं मंडियों में से उठा ली जाएगी। मौसम विभाग ने आज-कल में मौसम खराब होने की बात कही है। ऐसे में मंडियों में खरीद की धीमी रफ्तार और तकनीकी खामियों के कारण किसान परेशान हैं। किसानों को चिंता है कि जब उठान ने तेजी नहीं पकड़ी तो खराब मौसम में उनकी गेहूं खराब हो सकती है। हालांकि सरकारी खरीद 15 मई तक होनी है। मंडियों में गेहूं खरीद की रफ्तार धीमी होने से हालात चुनौतीपूर्ण बने हुए हैं। तकनीकी खामियों, पोर्टल संबंधी दिक्कतों और उठान की धीमी प्रक्रिया के चलते किसानों को घंटों तक इंतजार करना पड़ रहा है। कई मंडियों में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लंबी कतारें लगी हैं। इससे किसानों को न केवल समय की हानि हो रही है, बल्कि गर्मी में खड़े रहने से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का खतरा भी बढ़ रहा है।


**फतेहाबाद।** मंडी में लिफ्टिंग की इंतजार में गेहूं से भरी बोरियां। फोटो : हरिभूमि


### 65238 किसानों ने बेची फसल, आधे किसानों को ही भुगतान

इस सीजन में अब तक 65 हजार 238 किसान 7 लाख 126 एमटी गेहूं खरीद एजेंसियों को बेच चुके है। गेहूं की कुल कीमत 1809 करोड़ 82 लाख रुपये बनती है। बॉयोमेट्रिक के कारण लेट-लतीफी व गेट पास के कारण अभी तक किसानों को 1053.87 करोड़ का ही भुगतान हो पाया है। यानि कि अब भी करीब 756 करोड़ रुपये किसानों के खरीद एजेंसियों के पास फंसे हुए हैं।

### पिछले रिकॉर्ड ध्वस्त

जिले में इस बार गेहूं की आवक ने पिछले सभी रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए हैं। जिले की अनाज मंडियों में गेहूं का अंबार लगा हुआ है, लेकिन उठान की प्रक्रिया कछुआ चाल से चलने के कारण मंडियों में पैर रखने तक की जगह नहीं बची है। प्रशासन द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, इस सीजन में अब तक कुल 7 लाख 126 एमटी गेहूं की खरीद हो चुकी है जबकि पिछले साल कुल 6 लाख 61 हजार 485 एमटी गेहूं की खरीद हुई थी। यानि कि इस समय तक 38 हजार 761 एमटी ज्यादा खरीद हुई है। अभी गेहूं का सीजन जारी है। इस बार बंपर पैदावार ने जहां किसानों के चेहरे पर खुशी लाई है, वहीं मंडियों की व्यवस्था चरमरा गई है।

# मंत्री कृष्ण बेदी ने फतेहाबाद में कोर्ट परिसर में किया लिफ्ट का शिलान्यास



**फतेहाबाद।** कोर्ट परिसर में लिफ्ट का उद्घाटन करते हुए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी।

- कृष्ण बेदी ने कहा-बार एसोसिएशन की आवश्यकताओं को प्राथमिकता से पूरा करेंगे
- कृष्ण बेदी ने कहा-बार एसोसिएशन की आवश्यकताओं को प्राथमिकता से पूरा करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा सरकार में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने वीरवार को जिला बार एसोसिएशन परिसर में लिफ्ट का विधिवत शिलान्यास किया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि अधिवक्ताओं एवं आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता है। लिफ्ट निर्माण से विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों को बड़ी राहत मिलेगी।

सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और हर क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत किया जाए।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि जिला बार एसोसिएशन की किसी भी प्रकार की जरूरत को पूरा करने में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी बार को आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवाए जाएंगे। बेदी ने कहा कि लिफ्ट का निर्माण कार्य तय समय सीमा में पूरा किया जाएगा, ताकि अधिवक्ताओं और आम नागरिकों को शीघ्र इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता जरूरतमंद को न्याय दिलाने में अपनी सक्रिय भूमिका अदा करें और प्रभावी रूप से न्यायिक प्रणाली में अपना योगदान देते हुए कोर्ट केस में लंबित परिवादों का निपटान करवाएं।

भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने कहा कि बार एसोसिएशन में लिफ्ट के शिलान्यास से वकील सहित अन्य कोर्ट परिसर में आने वाले लोगों को बड़ी सुविधा मिलेगी और उनके कार्य में आसानी आएगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार लगातार विकास कार्यों को गति दे रही है, जिससे प्रदेश में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। प्रवीण जोड़ा ने कहा कि लिफ्ट के शिलान्यास से पहले ही राशि संबंधित खाते में डाल दी गई, जो कैबिनेट मंत्री की तत्परता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर पूर्व विधायक दुड़ाराम, बार एसोसिएशन प्रधान दिनेश गेरा, पुनीत भूटानी, सितेन्द्र कुमार, संदीप श्योराण, शम्मी कुमार, मार्केट कमेटी चेयरमैन जगदीश जाखड़ सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

### यूक्रेन-रूस युद्ध में हुई फतेहाबाद के युवाओं की मौत पर जताया दुख

**फतेहाबाद।** सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि फतेहाबाद के गांव कुम्हारिया के युवाओं अंकित जांगड़ा और विजय पूनिया की यूक्रेन-रूस युद्ध से जुड़ी दुखद मृत्यु अत्यंत हृदयविदारक और पीड़ादायक है। इस घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति वे अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करती है और ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति तथा परिजनों को इस दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना करती हैं। सांसद ने कहा कि ये युवा बेहतर रोजगार और उज्ज्वल भविष्य की तलाश में विदेश गए थे, जहां उन्हें कथित रूप से नौकरी के नाम पर गुमराह कर युद्ध क्षेत्र में भेज दिया गया। यह केवल एक व्यक्तिगत त्रासदी नहीं, बल्कि युवाओं की सुरक्षा, विदेश रोजगार व्यवस्था और प्रशासनिक सतर्कता से जुड़ा एक गंभीर और चिंताजनक मामला है, जिस पर व्यापक स्तर पर विचार और ठोस कार्रवाई की आवश्यकता है। यह विषय पहले भी संबंधित विभागों के संज्ञान में लाया गया था। ऐसे में अपेक्षा थी कि समय रहते प्रभावी और संवेदनशील कदम उठाए जाएंगे, ताकि ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। किंतु दुर्भाग्यवश ऐसा नहीं हो सका, जिसके परिणामस्वरूप एक और परिवार को अपूरणीय क्षति उठानी पड़ी। सांसद ने केंद्र एवं राज्य सरकार से आग्रह किया कि इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच करवाई जाए, दोषी एजेंटों तथा संबंधित नेटवर्क पर सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, तथा पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा और हर संभव सहायता प्रदान की जाए।

### अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी का संगठन विस्तार अमित कुमार को फिरोजपुर मंडल की कमान

**फतेहाबाद।** ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी ने संगठन की मजबूती और सामाजिक पहुंच बढ़ाने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए नई नियुक्तियों की घोषणा की है। फतेहाबाद में हुई बैठक में संगठन के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश चुघ ने संस्थापक कमल हांडा के दिशा-निर्देशन और राष्ट्रीय अध्यक्ष सूर्यवंशी साहिब दयाल वधवा से गहन विचार-विमर्श के बाद अनुभवी और निष्ठावान चेहरों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी हैं। संगठन के विस्तार के तहत अमित कुमार को फिरोजपुर मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनके कार्यक्षेत्र में जिला फिरोजपुर, फरीदकोट, मोगा, फाजिल्का और श्री मुक्तसर साहिब जैसे महत्वपूर्ण जिले शामिल होंगे। इसी क्रम में राजेश गुलबदर को फिरोजपुर मंडल का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इन नियुक्तियों के माध्यम से संगठन ने अनुभवी कार्यकर्ताओं पर भरोसा जताया है। जिम्मेदारी मिलने के बाद नवनियुक्त कार्यकारिणी ने संगठन संस्थापक, राष्ट्रीय अध्यक्ष व हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष का आभार प्रकट किया। संगठन में हुए इस विस्तार पर पंजाब प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भीष्म ठक्कर, फाजिल्का जिला अध्यक्ष बंटी सचदेवा, महिला विंग जिला अध्यक्षा पूजा लूथरा, महिला विंग जिला उपाध्यक्षा ममता जसूजा, अबोहर विधानसभा अध्यक्ष कर्नल सतपाल राय गाबा और फिरोजपुर जिलाध्यक्ष रमन कुमार मैनी ने स्वागत किया और नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी है।


**फतेहाबाद।** साहिब दयाल वधवा, ओमप्रकाश चुघ, अमित कुमार व राजेश



### सेवानिवृत्त 13 पुलिसकर्मियों के सम्मान में विदाई समारोह

**सिरसा।** पुलिस लाइन के सामुदायिक केंद्र में वीरवार को सेवानिवृत्त हुए 13 पुलिस कर्मियों के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्यातिथि पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने कहा कि पुलिस विभाग में सेवा देना केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि समाजसेवा का सशक्त माध्यम है, जिसमें त्याग, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा की आवश्यकता होती है। उन्होंने बताया कि सेवानिवृत्त कर्मियों ने अपने जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष विभाग को समर्पित कर समाज में सुरक्षा और विश्वास कायम करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। एसपी दीपक सहारण ने कहा कि पुलिसकर्मी हर परिस्थिति चाहे सर्दी, गर्मी या बारिश में अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हैं और आमजन को सुरक्षित वातावरण प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस सेवा के दौरान कर्मियों को अकसर अपने परिवार से दूर रहना पड़ता है फिर भी वे पूरी ईमानदारी और लगन से अपनी जिम्मेदारियां निभाते हैं। सेवानिवृत होने वाले निरीक्षक प्रहलाद सिंह, उप निरीक्षक धर्मपाल, महिला उपनिरीक्षक कुलवंत कौर, अजय कुमार, बलदेव राज, राजपाल, रोहताश, भोला सिंह, संतलाल, राजकुमार, कालूराम, हरवंश लाल एवं मुख्य सिपाही सुल्तान सिंह शामिल थे।

### राष्ट्रपति स्काउट परीक्षा में रहे हरियाणा के फतेहाबाद के छात्र लव एकमात्र विजेता



**फतेहाबाद।** शिक्षा और अनुशासन के क्षेत्र में फतेहाबाद जिले ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राष्ट्रीय मुख्यालय, नई दिल्ली द्वारा घोषित 'राष्ट्रपति स्काउट सर्टिफिकेट परीक्षा-2022' के परिणामों में फतेहाबाद के लव ने न केवल जिले का, बल्कि पूरे हरियाणा प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। फतेहाबाद निवासी सुरेश कुमार के पुत्र लव ने अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित इस कठिन परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। राष्ट्रीय स्तर पर तैयार की गई शीर्ष 120 मेधावी विद्यार्थियों की सूची में लव ने अपना स्थान सुरक्षित किया। उल्लेखनीय है कि इस मेरिट सूची में केवल उन्हीं प्रतिभागियों को स्थान दिया गया है, जिन्होंने परीक्षा में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक अर्जित किए हैं। इस उपलब्धि की सबसे खास बात यह है कि पूरे हरियाणा राज्य से केवल एक ही स्काउट इस प्रतिष्ठित परीक्षा को उत्तीर्ण करने में सफल रहा है और वह फतेहाबाद जिले से है। 28 सितंबर 2024 को आयोजित कंप्यूटर आधारित परीक्षा में लव की इस सफलता ने जिले की प्रशिक्षण व्यवस्था और युवाओं के अनुशासन को राष्ट्रीय पटल पर प्रमाणित किया है। लव की इस ऐतिहासिक सफलता के पीछे जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई का नेतृत्व और प्रेरणादायी मार्गदर्शन रहा है। साथ ही, डीटीसी बलवान सिंह चौहान एवं डीओसी रामचंद्र वर्मा द्वारा दिए गए कड़े प्रशिक्षण और परीक्षण ने लव को इस मुकाम तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अब चयनित होने के उपरांत लव को राष्ट्रपति द्वारा आधिकारिक प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई ने इस उपलब्धि पर लव, उनके परिजनों और विद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता जिले के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

## गोशाला प्रतिनिधियों को भेंट किए सहायता राशि के चेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

डबवाली भाजपा जिला अध्यक्ष रेणु शर्मा ने हरियाणा सरकार द्वारा गोशालाओं को सहयोग स्वरूप दी गई राशि के चैक गोशाला प्रतिनिधियों को वितरित किए। भाजपा जिलाध्यक्ष ने गांव मीरपुर गोशाला को 596160, खैरेकां गोशाला को 522100, बप्पां गोशाला को 715760 व अलीकां गोशाला को 680800 रुपये अनुदान राशि के चैक वितरित किए। जिला गोसेवा संघ, हरियाणा व भाजपा परिवार डबवाली ने अनुदान उपलब्ध करवाने के लिए सरकार का हृदय से आभार व्यक्त किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष रेणु शर्मा ने कहा कि गौ संरक्षण के लिए सरकार कटिबद्ध है और सरकार ने गौशालाओं के लिए अलग से बजट का प्रावधान किया है, ताकि बेहतर तरीके से गोवंश की सेवा की जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार के अनुदान के बाद से गोशालाओं की स्थिति में काफी सुधार हुआ है और बेहतर तरीके से गौवंश का गोशालाओं में पालन-पोषण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समय के साथ-साथ लोगों की सोच में भी बदलाव आया है और लोग गौसेवा के लिए स्वयं भी बढ़ चढक़र आगे आ रहे हैं।

## रोजगारोन्मुख व कौशल आधारित पाठ्यक्रम और प्लेसमेंट पर जोर

# सीडीएलयू की शैक्षणिक परिषद की बैठक में 50 एजेंडे पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा की शैक्षणिक परिषद की 42वीं बैठक वीरवार को विश्वविद्यालय परिसर में कुलपति प्रो. विजय कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन परिषद के सदस्य सचिव एवं कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार ने किया। बैठक में विद्यार्थी हित एवं शैक्षणिक गुणवत्ता से जुड़े लगभग 50 महत्वपूर्ण एजेंडे पारित किए गए। बैठक में आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप रोजगारोन्मुख एवं कौशल आधारित पाठ्यक्रमों को प्रारंभ करने पर विशेष जोर दिया गया। इनमें बीएससी नर्सिंग, बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स, मास्टर ऑफ सोशल वर्क सहित विभिन्न नए कोर्स शामिल हैं, जो विद्यार्थियों के समग्र विकास और रोजगार की संभावनाओं को सुदृढ़ करेंगे।

प्रो. विजय कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण, नवाचार आधारित और रोजगारपरक शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट गतिविधियों को और अधिक सुदृढ़ करने, उद्योगों से सहयोग बढ़ाने तथा विद्यार्थियों को इंटर्नशिप एवं स्किल डेवलपमेंट के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने पर बल दिया। बैठक के दौरान भारतीय ज्ञान प्रणाली को पाठ्यक्रमों में समाहित करने पर भी विचार किया गया, ताकि विद्यार्थी भारतीय परंपरा, संस्कृति और ज्ञान-विज्ञान से जुड़ते हुए वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार हो सकें। इस अवसर पर 25 अक्टूबर 2025 को आयोजित 41वीं शैक्षणिक परिषद की बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई।

### उन्नत शोध, प्रशिक्षण व तकनीकी ज्ञान का मिलेगा लाभ

विभिन्न पाठ्यक्रमों के एकेडमिक कैलेंडर, जैसे सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा इन फ्रेंच, एम.एड. स्पेशल एजुकेशन तथा बीए-बीएड (आईटीईपी) को भी स्वीकृति प्रदान की गई। विश्वविद्यालय ने विभिन्न संस्थानों के साथ सहयोग को बढ़ावा देते हुए जिओ गीता रिसर्च इंस्टीट्यूट, शोभा देवी रामानंद फाउंडेशन, सिरसा तथा आईआईटी मद्रास के साथ हुए समझौता ज्ञापनों को भी मंजूरी दी। इन समझौतों के माध्यम से विद्यार्थियों को उन्नत शोध, प्रशिक्षण और तकनीकी ज्ञान का लाभ मिलेगा। फैकल्टी ऑफ लाइफ साइंसेज, फिजिकल साइंसेज तथा इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के विद्यार्थियों के लिए प्रशिक्षण और इंटर्नशिप की गाइडलाइंस को भी अनुमोदित किया गया। इसके साथ ही फैशन डिजाइन, बैचलर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स तथा बीएससी फिजिकल हेल्थ एंड स्पोर्ट्स एजुकेशन के सिलेबस एवं स्कीम को भी पारित किया गया। बैठक में शोध गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय की रिसर्च प्रमोशन पॉलिसी में संशोधन कर उसे अधिक छात्र-उन्मुख बनाया गया। साथ ही विभिन्न पीएचडी शोधार्थियों के शोध विषय एवं मार्गदर्शकों को भी स्वीकृति प्रदान की गई। इस अवसर पर चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय, भिवानी की कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी, शैक्षणिक मामलों के अधिष्ठाता प्रोफेसर सुशील कुमार, डीजीएचई नॉमिनी डॉ. सुखविंदर सिंह, एमएम कॉलेज फतेहाबाद के प्रिंसिपल डॉ. गुरचरण सहित विश्वविद्यालय के प्राध्यापक उपस्थित थे।